अभिनेत्री डॉ. आरुषि निशंक को मिला ‘फ्रेश फेस ऑफ बॉलीवुड’ अवार्ड

चर्चा में क्यों?

29 अप्रैल, 2023 को उत्तराखंड की प्रसिद्ध अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. आरुषी निशंक को दुबई में ग्लोबल इंस्पिरेशनल अवार्ड्स और फैशन फेस्टिवल में शेख याकूब अल अली और एचई आरेफा अल फलाही की ओर से ‘फ्रेश फेस ऑफ बॉलीवुड’ के रूप में सम्मानित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- यह अवार्ड आरुषी निशंक को बतौर एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर के रूप में बॉलीवुड में उनके बेहतरीन काम के लिये दिया गया।
- उल्लेखनीय है कि आरुषि निशंक का जन्म उत्तराखंड के कोटद्वार में हुआ है। आरुषि के पिता डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक हरिद्वार क्षेत्र से सांसद हैं और वह पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री भी रह चुके हैं।
- टी-सीरीज और जी-म्यूजिक के तीन म्यूजिक वीडियो का हिस्सा बनकर प्रसिद्धि पाने वाली आरुषी फिल्म ‘तारिणी’ में नज़र आएंगी।
- आरुषी निशंक अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस-हिमश्री फिल्म्स चलाती हैं तथा डिज्नी+हॉटस्टार के साथ एक शो का निर्माण कर रही हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/actress-dr-aarushi-nishank-receives-fresh-face-of-bollywood-award